प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में मौन पालन एवं शहद उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु एमओयू हस्ताक्षर

पन्तनगर। 5 सितम्बर, 2024। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में मौन पालन एवं शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पन्तनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट ऑफ स्लोवेनिया के मध्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। पंतनगर विश्वविद्यालय की ओर से डा. ए.एस. नैन निदेशक शोध एवं डा. प्रमोद मल्ल संयुक्त निदेशक मधुमक्खी शोध एवं प्रशिक्षण केन्द्र उपस्थित थे। समझौते के अनुरूप दोनों संस्थान मिलकर पंतनगर विश्वविद्यालय में एक साथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेंगे।

इस उपलब्धि के लिए पन्तनगर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति एवं उत्तराखण्ड के राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया और उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के कृषकों को मौनपालन एवं शहद उत्पादन के क्षेत्र में अत्यधिक लाभ मिलेगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।

पोषण के महत्व के प्रति जागरूक करते विद्यार्थी।

निदेशक संचार